पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद में 10 अगस्त 2023 को इको क्लब के द्वारा पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था - पर्यावरण संरक्षण के उपाय। इस प्रतियोगिता में नौ बच्चों ने भाग लिया। पहले स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की निशू रही, वहीं द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः एम.कॉम. द्वितीय वर्ष की दीपांशू वर्मा व बी.ए. तृतीय वर्ष की कोमल रही। निर्णायक मंडल की भूमिका भूगोल विभाग की प्रवक्ता श्रीमती रंजना, डॉ मुन्नी व श्रीमती रजनी मैडम ने निभाई। कॉलेज प्राचार्या डॉ पूनम मोर मैडम ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताते हुए कहा कि हमें घर की खाली जमीन, बालकनी व छत पर पौधे लगाने चाहिए। ऑर्गेनिक खाद, गोबर खाद या जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए। कपड़े के बने झोले-थैले लेकर निकलना चाहिए व पॉलिथीन-प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हमें कम से कम उर्वरक व कीटनाशकों का प्रयोग करना चाहिए। प्राचार्या महोदया ने बताया कि कम बिजली, कम पानी, कम गैस का प्रयोग कर कोई भी व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रदूषण रोकने के लिए जलाऊ लकड़ी का उपयोग कम करना जरूरी है, जिसके लिए विद्युत शवदाह गृहों का उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर इको क्लब इंचार्ज श्रीमती नीलम, सदस्या डॉक्टर अंशु के अतिरिक्त श्रीमती क्रांति एवं डॉ प्रियंका साहनी विशेष तौर पर मौजूद रही।

जींद भास्कर 20-08-2023

निबंध में बीए तृतीय वर्ष की निशु प्रथम

जींद| हिंदू कन्या महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 8 बच्चों ने भाग लिया। पहले स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की निशु ने पहला, तीसरे स्थान पर कोमल रही। निर्णायक मंडल की भूमिका भूगोल विभाग की प्रवक्ता रंजना, मुन्नी व रजनी ने निभाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पूनम मोर ने छात्राओं को कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, हमें इसमें भाग अवश्य लेना चाहिए। इस मौके पर इको क्लब इंचार्ज नीलम, डॉ. अंशु, डॉ. प्रियंका साहनी मौजूद रहीं।